तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री


# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 9 अक्टूबर 2024

10 जनजातियों का ज्ञान और परंपराएं दूसरे समाज के...



12 युवा समाज के उत्थान के लिए कार्य करें : टहल





## नवरात्रि विशेष



### षष्ठमः कात्यायनी

मां भगवती का छठा रूप कात्यायनी का है। छठे नवरात्रि को मां की इसी स्वरूप की पूजा होती है। ऐसा विश्वास है कि कात्यायनी के गोत्र में महर्षि कात्यायन हुए थे। उनकी इच्छा थी कि मां भगवती उनके घर पुत्री रूप में जन्म लें। उन्हेंने कठोर तप किया। भगवती ने उनकी प्रार्थना स्वीकार कर उनके घर पुत्री रूप में जन्म लिया। इसलिए उनका नाम कात्यायनी पड़ा। यह भी माना जाता है। कि जब पृथ्वी पर महिषासुर के अत्याचार बहुत बढ़ गए, तब भगवान ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों ने अपने - अपने तेज का अंश देकर महिषासुर के विनाश के लिए एक देवी को उत्पन्न किया। महर्षि कात्यायन ने सबसे पहले इनकी पूजा की। इस कारण से भी यह कात्यायनी कहलाई। ऐसी भी कथा है कि भगवती महर्षि कात्यायन के घर पुत्री रूप में जन्मी थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्ल सप्तमी, अष्टमी और नवमी तक तीन दिन इन्होंने कात्यायन की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषसुर का वध किया था। ऐसी भी कथा है कि कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए गोपियों ने कालिंदी-यमुना के तट पर कात्यायनी मां पूजा की थी। यह ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित है। कात्यायनी प्रकृति की क्रियात्मक शक्ति है जो मन का तत्वात्मक रूप से संचालन करती है। इनकी आठ भुजाएं हैं। इनका वर्ण स्वर्ण समान है। इनकी पूजा से भक्त इनके पास रहकर परमपद प्राप्त करता है।भगवती कात्यायनी की आराधना का श्लोक है- चंदहासोज्ज्वलकरा शार्दूलवरवाहना।

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय मेगा क्रेडिट कैम्प 18 को

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर ऋण वितरण एवं बैंकिंग समस्याओं के निराकरण के लिए जिला स्तरीय मेगा क्रेडिट कैंप का आयोजन शुक्रवार 18 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से जनपद पंचायत गरियाबंद के सामुदायिक भवन में किया जायेगा। लीड बैंक अधिकारी मोहम्मद मोफिज ने बताया कि जिला स्तरीय क्रेडिट कैम्प का मुख्य उद्देश्य स्व-सहायता समूहों के क्रेडिट लिंकेज में बढ़ोतरी, बैंकों द्वारा प्रायोरिटी सेक्टर में ऋण वितरण क्षेत्र का विस्तार, शासकीय स्वरोजगार ऋण योजनाओं के प्रति जागरूकता, मुद्रा योजना के क्षेत्र का विस्तार, नवीन बैंक खाते और आधार पंजीयन करवाने की सुविधा ग्रामीणों की वित्तीय साक्षरता एवं अन्य बैंकिंग से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। कैम्प में जिले में स्थित सभी बैंक की शाखाएं इस शिविर में उपस्थित रहेंगे।

### देवगांव में नाचा कार्यक्रम आज

**छुईहा बेलर।** नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में ग्राम देवगांव में साल्हेटोला चारामा का छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी का कार्यक्रम 9 सितम्बर को रखा गया है। भीष्मदेव नगारची ने बताया भुपेश प्रकाश साल्हेटोला चरामा का बुधवार को नाचा कार्यक्रम रखा गया है।

# 9 राज्यों को जीतकर राजा कचना ध्रुर्वा ने नवागढ़ में स्थापित किया था राज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिन्द्रानवागढ़ अपने भीतर अनेक रहस्यों को समेटा हुआ है। मैनपुर गरियाबंद नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर से यहां 22 किमी की दूरी पर विशाल पहाड़ी है और इस पहाड़ी के चोटी में महान वीर पराक्रमी राजा कचनाध्रुर्वा का किला है। राजा कचनाध्रुर्वा अपने वीरता से 9 राज्यों को जीतकर नवागढ़ में अपना राज स्थापित किया था और पहाड़ी के चारों तरफ 9 तालाबों का निर्माण किया गया है जिससे उनका किला शत्रुओं से सुरक्षित रह सके। जनश्रुति के अनुसार कचनाध्रुर्वा देवपुरूश था उनके साथ चार देवी-देवता शक्ति के रूप में हमेशा उनके सुरक्षा करते थे और चार देवी। देवताओं का उनके द्वारा नवागढ़ के पहाड़ी में स्थापित किया गया है जहां आज भी पूरे बिन्द्रानवागढ़ विधानसभा क्षेत्र सहित प्रदेश व ओड़िशा राज्य सहित अनेक राज्यों के लोग बड़ी संख्या में श्रद्धा के साथ पहुंचते हैं और पूजा अर्चना करते है। ग्राम बिन्द्रानवागढ़ खम्हारीपारा के वरिष्ठ नागरिक व पुजारी जागेश्वर कोमर्रा, जगदीश कोमर्रा, जयसिंह दाऊ,भगवान सोरी ने हरिभूमि को बताया की बिन्द्रानवागढ़ की पहाड़ी लाखों लोगों के आस्था का प्रमुख केन्द्र है और इस पहाड़ी में राजा कचनाध्रुर्वा के साथ गादीमाई, कालाकुंवर, पाठरानी, चारदेवता, बुढ़ाराजा, रानीमाई, ठाकुरदेव, माटीमहतारी सहित कई देवी-देवताओं के मंदिर है।

**पहाड़ी में कई रहस्मय गुफा-** नवागढ़ की पहाड़ी नेशनल हाईवे से लगा हुआ ▶▶|शेष पेज 11 पर

## पहाड़ी के चोटी पर वीर पराक्रमी राजा का है दरबार



### पंचमी के बाद ही पहाड़ी की चोटी पर चढ़ पाते हैं श्रद्धालु

बिन्द्रानवागढ़ की पहाड़ी के चोटी पर राजा कचनाध्रुर्वा देव की प्रमुख मंदिर है और पहाड़ी के निचले छोर पर भी उनका आसन है लेकिन नवरात्र पर्व में पंचमी से पहले कोई भी पहाड़ी के चोटी तक नहीं पहुंचते। पंचमी से यहां आदिवासी परंपरा अनुसार देवदशहरा का आयोजन किया जाता है और नवरात्र के पंचमी पर कचनाध्रुर्वा देव के आसन में झाखर पुजारी, बैगा, सिरहा द्वारा पालो चढ़ाने के बाद ही श्रद्धालु वहां तक पहुंचते है इस पहाड़ी में ठाकुर ठकराईन देव का भी पूजा अर्चना किया जाता है और पहाड़ी के नीचे गढ़िया देवी की मंदिर है।

## कार्यक्रम : पूर्ण आवास के 10 हितग्राहियों को चाबी और 10 को दिया स्वीकृति आदेश

# गरीबों के सपनों को साकार कर रही है भाजपा सरकार : खाद्य मंत्री बघेल





हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद।

आवासहीनों को पक्के मकान की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत भूमिपूजन और गृहप्रवेश कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गरियाबंद के गांधी मैदान स्थित मंगल भवन में मंगलवार को जिला स्तरीय आवास मेले का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री दयालदास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। साथ ही सांसद रूपकुमारी चौधरी और राजिम विधायक रोहित साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बघेल ने जनप्रतिनिधियों के साथ पीएम आवास योजना के अंतर्गत पूर्ण आवास के 10 हितग्राहियों को चाबी और नये स्वीकृत आवास के 10 हितग्राहियों को स्वीकृति आदेश सौंपे। इसके साथ ही हितग्राहियों को शॉल और श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मंत्री बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार द्वारा गरीबों के आवास के सपनों को साकार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस गारंटी को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। राज्य में बड़ी संख्या में नए आवास स्वीकृत किए जा रहे हैं, जिससे जरूरतमंद गरीब परिवार लाभान्वित हो रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि आवास निर्माण में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ ▶▶|शेष पेज 11 पर

### जिले में 42 हजार से अधिक आवास पूर्ण



### प्रतीक्षा सूची के लोगों को भी मिलेगा आवास

# बेदखल कार्रवाई पर तनाव बढ़ा महिला ने फाड़े सरपंच के कपड़े



### दोनों पक्ष पहुंचे थाना


हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर।



थाना एवं तहसील फिगेंश्वर अन्तर्गत ग्राम पंचायत चरभट्ठी के आश्रित ग्राम देवगांव में डंडाधिकारी तहसीलदार फिगेंश्वर डी ध्रव एवं पुलिस बल की मौजूदगी में सरपंच चरभट्ठी ओमप्रकाश साहू का कालर पकड़कर कमीज फाड़कर कर झुमाझटकी करने का मामला सामने आया है। घटना की अनेकों विडियो सोशल मिडिया पर वायरल हो रही है। सरपंच ओमप्रकाश साहू ने जानकारी दीया कि ग्राम पंचायत की ओर से पुलिस बल के साथ अतिक्रमण पर बेदखल की कार्रवाई मंगलवार को किया गया। जहां माखन लाल साहू, खेमू राम साहू, डीहू रात्रे सहित उनके परिवार के महिला सदस्य ने कालर पकड़कर कमीज फाड़ दिया। इस दौरान वहां मौजूद तहसीलदार के निर्देश पर पुलिसकर्मी ने बीच बचाव किया। आक्रोशित महिलाओं को पुलिस वाहन से फिगेंश्वर थाना लाया गया। इसके बाद से अतिक्रमण परिवार का आक्रोश और बढ़ गया और वो भी थाना पहूंच गये। इधर ग्राम पंचायत सरपंच, पंच एंव ग्राम देवगांव निवासी भी 40-50 की संख्या में थाना पहूंच गया। थोड़ी देर तक दोनों के कारण तनाव बढ़ गया। शासकीय भूमि पर कब्जा करने वाले माखन लाल साहू व खेमू राम ने अपना पक्ष रखते कहा की पुर्वजों ने जमीन के बदले ग्राम वासियों ने वर्तमान काबिल भूमि को दिया है जिसका पट्टा बना है। इसी भुमि पर इसी सरपंच ने शासकीय योजना से 2021 में भूमि सुधार कराया है। बैंक केसीसी ऋण भी दे रहा है। वर्तमान में जिस खसरा ▶▶|शेष पेज 11 पर

# शीतला मंदिर में 238 ज्योति कलश प्रज्ज्वलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-भेण्डरी







भेण्डरी के शीतला माता मंदिर में क्वांर नवरात्रि के पावन पर्व पर 238 ज्योति कलश प्रज्वलित किया गया है। पंचमी के सुअवसर पर खासतौर से शाम की आरती में मातृशक्तियों की भीड़ देखी गई। इसी तरह बुड़ेनी के शीतला मंदिर में 74 ज्योति कलश, नवागांव बेलाही के शीतला माता मंदिर में 26 प्रज्वलित हुआ है। इस बार भेण्डरी में 11 स्थानों में पंडाल सजाकर देवी मां की प्रतिमा स्थापित की गई है जिसमें मौहापारा में 3, बरदेपारा में 1, बस्तीपारा में 5, चांदापारा में 1, फोकटपारा में 1, बुड़ेनी के परेवाडीह बजरंग चौक में मां दुर्गा की शानदार झांकी बनाया गया है। यहां मां अंबे को 9 रूपों में विराजमान किया गया है। मोहरेंगा में 3 जगहों, दमकाडीह में 2, चंदना में 3, चंदसुर में 2 जगह पंडाल में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कराया गया हैं। इन सभी गांवो में रोज शाम को आरती में बड़ी भीड़ जुट रही है। बैगा संतराम, सुनील साहू, दुर्गेश साहू, माता सेवा में लगे हुए हैं।

### चंपारण में चैतन्य देवियों की झांकी बना आकर्षण का केंद्र



**नवापारा-राजिम।** चंपारण में ब्रह्म कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में क्वांर नवरात्रि के पंचमी को भव्य चैतन्य देवियों की झांकी प्रदर्शनीय में महिषासुरमर्दिनी मां दुर्गा, गंगा, लक्ष्मी, सरस्वती, महाकाली के स्वरूप का साक्षात दर्शन हो रहा है। इस भव्य झांकी दर्शन के महाआरती में भाजपा नेता टीकमचन्द साहू, लता बहन, हेमलता साहू, मीनाक्षी देवी, योगिता, भावना, छाया, प्रकृति, ज्योति , तृप्ति, ममता, भानू, रामनारायण, नान्हूराम, राधेश्याम, कुलंजन, संतोष, सुदूराम, परसराम साहू, भरत सेन, होरीराम के अलावा चम्पारण, डंगनिया, जौन्दी, भोथीडीह, सेमरा के श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

## कुडेरादादर में 25 फीट ऊंचा रावण के पुतला का दहन होगा


**रसेला।** ग्राम कुडेराढादर में पिछले अनेक वर्षो की भांति इस वर्ष भी ग्राम समिति द्वारा 25 फीट ऊंचा रावण का दहन विजयदशमी के पावन पर्व किया जाएगा। दशहरे का त्योहार नजदीक आते ही ग्राम के दशहरा मैदान में तैयारी और व्यवस्था शुरू हो गई है। बात दें कि कुडेराढादर दशहरा पर्व भव्य रूप से मनाया जाता है। जिसे देखने आसपास गांव के लोग बड़ी संख्या में पहुंचते हैं। उसी को ध्यान में रख इस साल का दशहरा आयोजन और भी भव्य और आकर्षक होने जा रहा है, जिसमें 25 फीट ऊंचे रावण का दहन मुख्य आकर्षण होगा। ग्राम प्रमुख केजू राम ध्रुव, नारायण सिंह ठाकुर, झवर अग्रवाल, कृष्णा साहू, नोहर अग्रवाल, ओमप्रकाश दीवान, बिरेंद्र ध्रुव, भीखम साहू, घनश्याम साहू, डुलेश्वर ध्रुव, दिनेश साहू, जगेश्वर ओटी, सेवक राम साहू, शिवदास मानिकपुर ने बताया कि इस साल दशहरे का मुख्य उद्देश्य भव्य आतिशबाजी और शानदार कार्यक्रम आयोजित करना है। उन लोगों ने कहा कि पिछले साल के मुकाबले इस वर्ष का आयोजन और भी बड़ा और आकर्षक होगा। कई साल बाद कलाकार ▶▶|शेष पेज 11 पर


## पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468



# हरी सब्जियां के साथ थाली से गायब हुआ टमाटर, बिक रहा 80 रु. किलो



**मैनपुर।** हरी सब्जियों के दाम अचानक बढ़ने से घर की बजट बिगड गया है। गरीब व मध्यमवर्गीय परिवार के थाली से सब्जिया गायब होने लगी है। सब्जी खरीदना बड़ा मुश्किल होता जा रहा है लगभग सभी सब्जियों के भाव 40-50 रूपये पहुंच गया है। रेट बढ़ने के साथ ग्राहक भी पाव या आधा किलो सब्जी लेते नजर आ रहे हैं, मैनपुर नगर में आज टमाटर 80-90 रूपये किलो में बिका राह है। एकाएक हरी सब्जि के दाम में वृद्धि होने से लोग बेहद परेशान हो गए हैं। वहीं धनिया की कीमत 60 से 70 रूपये किलो हो गया है एक सप्ताह पहले तक टमाटर की कीमत 40-50 रूपये थी अब टमाटर के रेट में अचानक वृद्धि हो जाने से लोग परेशान हो गए है।


## श्रद्धांजलि

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः ।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः ॥



जन्म 17.12.1942

निर्वाण 30.09.2024

**स्व. श्री अजय सिंह परिहार**

अत्यंत दु:ख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्य पिताजी

**स्व. श्री अजय सिंह परिहार**

अपनी सुदीर्घ जीवन यात्रा (82 वर्ष) पूर्ण कर
दिनांक 30 सितम्बर 2024 को पंचतत्व में विलीन हो गये हैं।

**कार्यक्रम**

दशगात्र : 09 अक्टूबर 2024, बुधवार (प्रयागराज में)
तेरहवीं, श्रद्धांजलि व शांति भोज : **13 अक्टूबर 2024, रविवार**
स्थान : रायल पार्क, अल्का एवेन्यू, उस्लापुर, बिलासपुर
समय : दोपहर 1 से 5 बजे तक

**शोकाकुल**

श्रीमती किरण सिंह परिहार (धर्मपत्नी)
प्रियंक सिंह परिहार, श्रीयंक सिंह परिहार, मयंक सिंह परिहार (पुत्र)
ऋषभ सिंह परिहार, कृष्णा सिंह परिहार (पौत्र)
प्रताप भान सिंह परिहार(भाई), प्रवीण सिंह परिहार(भाई), नवीन सिंह परिहार(भाई),
सुधीर सिंह परिहार (भाई), मनमोहन सिंह परिहार (भतीजा) एवं समस्त परिवार

नोट: जिन स्नेहीजन को किसी कारणवश सूचना नही मिली है इसे ही सूचना मानें।

**खबर संक्षेप**



## विधायक पुरंदर मिश्रा का महापौर, सभापति ने किया स्वागत

रायपुर। नगर निगम की सामान्य सभा बैठक में पहुंचे रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा का सभापति प्रमोद दुबे, महापौरएजाज ढेबर, नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे, उप नेता प्रतिपक्ष मनोज वर्मा सहित एमआईसी सदस्यों ने स्वागत किया। श्री मिश्रा ने पार्षदगणों से रायपुर शहर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने का संकल्प लेकर सभी 70 वार्डों में कार्य करने का आव्हान किया। सभा के अंत में नगर निगम पूर्व पार्षद सुभाष शर्मा एवं जोन 4 के पूर्व जोन अध्यक्ष अनीस अहमद के आकस्मिक निधन पर श्रद्धांजलि दी गयी।

## चौराहों पर लग रहे जाम से मुक्ति दिलाने की मांग

रायपुर। छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के पूर्व सदस्य एवं अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने सड़कों पर आवाजाही सही करने तथा चौक-चौराहों पर लग रहे जाम से मुक्ति दिलाने ठोस कदम उठाने की मांग छत्तीसगढ़ शासन और पुलिस प्रशासन से की है। श्री ठाकुर ने बताया कि नवरात्रि त्योहार का सीजन है, जनता माता का दर्शन करने घर से बाहर निकल रही तथा गरबा की धूम है, लेकिन छत्तीसगढ़ शासन और पुलिस प्रशासन सड़क, चौराहों की ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर गंभीर नहीं है। वहीं ई-रिक्शा वालों को सही ट्रेनिंग नहीं होने के कारण भी यातायात बाधित होता है। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत लाखेनगर से टिल्लू चौक सदरबाजार, रिंगरोड चौराहों में रायपुरा चौक, कुशालपुर चौक और भाठागांव चौक जैसे मुख्य मार्गों पर रोजाना बेतरतीब जाम लगा रहता है, जिससे आम जनता परेशान है।

## ट्रैफिक नियम : पोस्टर लगाकर किया जागरूक



रायपुर। लायंस क्लब सीनियर द्वारा राजधानी रायपुर में सोमवार को पोस्टर लगाकर ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। इस संबंध में लायंस क्लब सीनियर के पदाधिकारियों ने लोगों को बताया कि आजकल हर किसी को अपने दोपहिया या चारपहिया से जाना बेहद पसंद है।

## अहिल्याबाई में थी दूरदर्शित, पर्यावरण के साथ जीव-जंतुओं की चिंता भी



रायपुर। रानी अहिल्याबाई होल्कर की शौर्य गाथा जितनी प्रेरणादायी है, उनकी दूरदर्शिता भी उतनी ही आत्मसात करने योग्य है। रानी अहिल्या भगवान शिव की भक्त थीं। पार्थिव शिवलिंग निर्माण, पूजा-अर्चना के बाद तालाब और नदियों में विर्सजन में भी उनका दृष्टिकोण नजर आता है। शिवलिंग में चढ़े अक्षत (चावल) व अन्य अन्न के दाने तालाब में प्रवाहित करने पर तालाब के जलचर जीव-जंतु उसे अपना आहार बनाते हैं। वहीं अगर दाने तालाब के किनारे पहुंच गए और अंकुरित हो गए तो पेड़-पौधे के पत्ते झड़कर जमीन में गिरेंगे और यह मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाएंगे।
इस आशय के विचार महाराष्ट्र मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने प्राथमिक और माध्यमिक शाला देवपुरी में आयोजित अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि रानी अहिल्याबाई होल्कर ने अपने राज्य में कई तीर्थ स्थानों के साथ ही कई मंदिर, घाट, कुएं, बावड़ियां बनवाईं। अहिल्याबाई महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। कार्यक्रम में प्रधान पाठक श्री साहू, शिक्षिका ऋचा देवांगन, ममता देवांगन, जीवनलता मिंज, मंजू दुबे और 250 से अधिक बच्चे उपस्थित रहे।

# भटके बिना सही समय पर मरीजों को मिले इलाज, यही होगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आंबेडकर अस्पताल के नवनियुक्त चिकित्सा अधीक्षक डा. संतोष सोनकर ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में राजधानी समेत प्रदेश के कोने-कोने से आने वाले मरीजों को भटके बिना सही समय पर उपचार मिले, यही प्राथमिकता होगी। आवश्यकता के हिसाब से यहां की इमरजेंसी व्यवस्था को और अपडेट किया जाएगा, ताकि मरीजों को त्वरित उपचार की सुविधा मिल सके।

राज्य शासन के आदेशानुसार पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के सर्जरी विभाग के प्राध्यापक डॉ. संतोष सोनकर ने सोमवार को डॉ. भीमराव आंबेडकर स्मृति चिकित्सालय रायपुर के चिकित्सा अधीक्षक पद पर पदभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर पूर्व चिकित्सा अधीक्षक एवं विभागाध्यक्ष रेडियोलॉजी विभाग डॉ. एसबीएस नेताम एवं सहायक अधीक्षक डॉ. डीके टंडन मौजूद थे। नए अधीक्षक डा. सोनकर ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान कहा कि अस्पताल में लगातार मरीजों की संख्या बढ़ रही है और यहां रायपुर के साथ अन्य जिलों से भी मरीज इलाज के लिए आते हैं। उनकी कोशिश रहेगी कि मरीजों को सही समय पर जांच और उपचार की सुविधा मिल सके। गंभीर स्थिति में आने वाले मरीजों के लिए इमरजेंसी यूनिट महत्वपूर्ण होता है। प्रयास किया जाएगा जरूरतमंद मरीज को तत्काल आवश्यक उपचार की सुविधा मिलेगी।


आने वाले दिनों में जरूरत के हिसाब से इमरजेंसी विभाग को अपडेट किया जाएगा। इसके साथ ही अस्पताल की सुरक्षा और सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहां सीसीटीवी की संख्या बढ़ाकर सुरक्षा को और पुख्ता करने का प्रयास होगा। दूर-दराज से आने वाले मरीजों को ओपीडी में सही समय पर डाक्टर मिले, इस पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

**आंबेडकर अस्पताल के नए चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर ने चार्ज लिया**





## सतबहिनिया साईं दरबार में दशहरा उत्सव पर भव्य कार्यक्रम 12 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लाखे नगर स्थिति सत बहिनिया साईं दरबार में दशहरा उत्सव पर भव्य कार्यक्रमों का आयोजन 12 अक्टूबर को किया जाएगा। इस दिन अंचल के जाने-माने जस गीत गायक दिलीप षड़ंगी भक्तिगीतों की सुंदर प्रस्तुति देने कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। साईं मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष व पूर्व वरिष्ठ पार्षद गोवर्धन शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की भव्य तैयारी की अंतिम बैठक मंदिर परिसर में हुई। इसमें यह निर्णय लिया गया, उत्कृष्ट कार्य करने वाले सामाजिक जनों का सम्मान मुख्य अतिथियों द्वारा किया जाएगा

- भजन संध्या में जसगीत गायक दिलीप षड़ंगी प्रस्तुत करेंगे सुरीले भजन

साईं दरबार दशहरा उत्सव के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल, हरिभूमि और आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व सचिव पारस चोपड़ा होंगे। कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों का सम्मान किया जाएगा। इसमें सामाजिक क्षेत्र से बसंत अग्रवाल, वीरेंद्र (रूबी) तोमर, हर्षित सिंघानिया, पत्रकारिता से उमाशंकर व्यास, डॉ सुरेंद्र शुक्ला, डॉ उपेन्द्र त्रिवेदी, राजनीति क्षेत्र से सुबोध हरितवाल, कन्हैया अग्रवाल, आकाश शर्मा, व्यापार क्षेत्र से ओम सोनकर, अनुराग राठी, कैलाश छाबड़ा का सम्मान किया जाएगा। महोत्सव की शुरुआत साईं नाथ जी के दुग्ध अभिषेक से सुबह 8 बजे होगी। दोपहर 12 बजे मध्यान्ह आरती, दोपहर 1 बजे से भोग भंडारा और संध्या के समय बाबा की महाआरती होगी।

### देशभर में कारों का तीन लाख से ज्यादा स्टॉक जाम इसलिए इस बार भारी छूट

# चारपहिया वाहनों पर छूट, पांच लाख की कार पर 66 हजार तक डिस्काउंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

त्योहारी सीजन में इस बार कार डीलरों के साथ ही उत्पादक कंपनियों के पास भारी स्टॉक होने के कारण भारी छूट दी जा रही है। राजधानी रायपुर में ही पांच लाख वाली मारुति कार पर 66 हजार की छूट मिल रही है। देशभर में इस समय चारपहिया वाहनों का इतना ज्यादा उत्पादन हो रहा है कि डीलरों के पास तीन लाख से ज्यादा कारों का स्टॉक हो गया है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी 10 हजार कारों का अतिरिक्त स्टॉक है। इस बार नवरात्रि, पुष्य नक्षत्र, धनतेरस और दीपावली पर अलग-अलग कंपनियों की कारों में अलग-अलग डिस्काउंट मिल रहा है। हजारों से लेकर लाखों में डिस्काउंट है। आमतौर पर त्योहारी सीजन में कारों पर डिस्काउंट मिलता है, लेकिन कोरोना काल के बाद कारों के ज्यादातर मॉडल ऑनडिमांड नहीं मिल रहे थे, तो डिस्काउंट की तरफ कोई ध्यान भी नहीं दे रहा था। कोरोना काल में कारों का उत्पादन भी कम हो गया था, सेमीकंडक्टर की कमी के कारण कारें कम बन रही थीं, लेकिन अब लगातार उत्पादन ज्यादा होने के कारण कारों का भारी स्टॉक हो गया है। यही वजह है कि इस बार इस साल लगातार कारों पर डिस्काउंट मिल रहा है।

### डीलर भी दे रहे डिस्काउंट

जहां एक तरफ ज्यादातर कंपनियां अपने अलग-अलग मॉडलों पर भारी डिस्काउंट दे रही है, वहीं डीलर भी डिस्काउंट दे रहे हैं। राजधानी रायपुर के कुछ डीलरों ने इस बात को तो जरूर माना की डीलर भी डिस्काउंट दे रहे हैं लेकिन किस मॉडल पर कितना डिस्काउंट दिया जा रहा है, यह कोई बताने तैयार नहीं है। डीलरों का कहना है डीलरों के डिस्काउंट का खुलासा होने से कंपनी वाले नाराज हो जाते हैं। इसलिए डीलर कंपनी के डिस्काउंट के बारे में ही बता रहे हैं।



### किस मॉडल पर कितना बड़ा डिस्काउंट

- जीप इंडिया कंपास पर 3.15 लाख
- हुंडई ट्यूसॉन 2023 पर 2 लाख तक
- टाटा नेक्सन पर 80 हजार
- टाटा हैरियर पर 1.60 लाख
- टाटा सफारी पर 1.80 लाख
- मारुति के-टेन पर 66 हजार
- हुंडई एक्सटर पर 40 हजार
- हुंडई अल्काजार पर 90 हजार
- होंडा की एलिवेटर पर 80 हजार

### टाटा के मॉडलों पर इतनी छूट

टाटा मोटर्स अपनी लोकप्रिय गाड़ियों टियागो, टिगोर, अल्ट्रोज, नेक्सन, हैरियर और सफारी पर छूट दे रही है। मॉडल और वैरिएंट के आधार पर छूट की राशि अलग-अलग है। टियागो की शुरुआती कीमत 4.99 लाख रुपए, अल्ट्रोज की 6.49 लाख रुपए, नेक्सन की 7.99 लाख रुपए, हैरियर की 14.99 लाख रुपए और सफारी की शुरुआती कीमत 15.49 लाख रुपए रखी गई है। सबसे बड़ी छूट टाटा की प्रमुख एसयूवी सफारी पर मिल रही है। इस पर कंपनी 1.80 लाख रुपए तक की छूट दे रही है। हैरियर एसयूवी पर 1.60 लाख रुपए तक की छूट मिल रही है। इसी तरह कंपनी अपनी कॉम्पैक्ट एसयूवी नेक्सन पर 80,000 रुपए तक की छूट दे रही है।

### मारुति के मॉडलों पर इतना डिस्काउंट

देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इस समय अपने कई मॉडलों पर भारी डिस्काउंट दे रही है। राजधानी रायपुर के मारुति के स्काई शो रूम के मुताबिक 499500 वाली मारुति के-टेन पर 66100 रुपए, 583500 कीमत वाली सेलेरियो पर 66100 रुपए, 521500 वाली एस्प्रेसो पर 66100 रुपए और 599500 वाली वेगानआर पर 58100 रुपए, 649000 वाली स्विफ्ट 43100 रुपए, 834000 वाली एसयूवी कार ब्रेजा पर 35,000 रुपए, 656500 कीमत वाली डिजायर पर 35000 तक का डिस्काउंट मिल रहा है।

## एमबीबीएस की 72 सीटें खाली, मॉपअप राउंड में होगा एडमिशन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दूसरे दौर की काउंसिलिंग के बाद राज्य के मेडिकल कॉलेजों में एमबीबीएस की 72 सीटें खाली बची हैं। इनमें चार शासकीय कॉलेजों की पांच सीटें शामिल हैं, जिनमें प्रवेश मॉपअप राउंड के माध्यम से पूरा किया जाएगा। खाली सीटों में निजी कॉलेजों के प्रबंधन की 45, राज्य कोटे की 11 और एनआरआई कोटे की 10 सीटें शामिल है। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा राज्य के मेडिकल और डेंटल कॉलेज की यूजी सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग कराया जा रहा है। इसके तहत दूसरे राउंड की काउंसिलिंग 5 अक्टूबर को पूरी की गई है। एडमिशन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बची सीटों पर प्रवेश मॉपअप राउंड के माध्यम से पूरा किया जाएगा, जो 17 अक्टूबर से शुरू होने की संभावना है। राज्य में अभी की स्थिति में रायपुर, राजनांदगांव सहित छह शासकीय मेडिकल कॉलेजों की सभी सीटों पर एडमिशन पूरा हो गया है। अभी केवल कांकेर में 2, दुर्ग, बिलासपुर तथा महासमुंद मेडिकल कॉलेज में एक-एक सीट बाकी है। पांच निजी मेडिकल कॉलेजों में मैनेजमेंट कोटे की 45 तथा राज्य कोटे की 6, एनआरआई कोटे की 10 सीटों पर एडमिशन होना है। माना जा रहा है कि मॉपअप राउंड के दौरान इन सीटों पर भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी।

- सरकारी कॉलेजों में पांच सीटें रिक्त
- मैनेजमेंट कोटे की 45, स्टेट की 11 और एनआरआई कोटे की 10 सीटों पर प्रवेश बाकी

### बीडीएस की 296 सीटें खाली

अभी की स्थिति में डेंटल कॉलेजों में बीडीएस की 296 सीटें खाली हैं, इसमें शासकीय डेंटल कॉलेज की 28 सीटें शामिल हैं। पांच निजी कॉलेजों में 209 सीटों पर एडमिशन शेष है, जिनमें भी एडमिशन का काम मॉपअप राउंड के साथ ही पूरा होगा। शासकीय और निजी डेंटल कॉलेजों में राज्य कोटे की 87 सीटें बाकी बची हैं।

## कालीबाड़ी चौक से सिद्धार्थ चौक अब कहलाएगा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हनुमान प्रसाद दुबे मार्ग

- नामकरण समारोह का आयोजन
- मंत्रोच्चार के बीच नामकरण बोर्ड का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




राजधानी के कालीबाड़ी चौक से टिकरापारा का सिद्धार्थ चौक मार्ग अब स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ओर रायपुर नगर पालिका के पूर्व पार्षद स्वर्गीय हनुमान प्रसाद दुबे मार्ग के नाम से जाना जाएगा। राजधानी में आयोजित नामकरण समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील त्रिवेदी, अध्यक्षता सभापति प्रमोद दुबे ने की। विशेष अतिथि पूर्व विधायक विरेंद्र पांडे एवं वरिष्ठ नेता राजेंद्र तिवारी कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

छत्तीसगढ़ सरयूपारीण ब्राम्हण महासभा की ओर से सिद्धार्थ चौक टिकरापारा में नामकरण समारोह का आयोजन किया गया। आमंत्रित अतिथियों ने स्वर्गीय हनुमान प्रसाद दुबे की अंग्रेज भारत छोड़ो आंदोलन में भूमिका को याद किया। साथ ही टिकरापारा वार्ड पार्षद के रूप में उनके योगदान का स्मरण किया। मंच पर सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश शुक्ला, नगर निगम के एमआईसी सदस्य आकाश तिवारी, वरिष्ठ पार्षद मृत्युंजय दुबे, जैतूसाव मठ के संचालक अजय तिवारी, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के अध्यक्ष मुरली मनोहर खंडेलवाल, सभा के पूर्व अध्यक्ष रमाकांत शुक्ला, रामकृष्ण पाठक एवं सेनानी स्वर्गीय हनुमान प्रसाद दुबे के सुपुत्र अरुण दुबे मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के सह सचिव राजेश त्रिपाठी ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरिष्ठ पत्रकार सनत चतुर्वेदी, बाबूलाल शर्मा, आशीष ठाकुर, ओपी मिश्रा, प्रभात मिश्रा, वरिष्ठ नेता संजय पाठक, अनिल गुप्ता, अशोक बानी, रायपुर विकास प्राधिकरण के पूर्व उपाध्यक्ष शिव सिंह ठाकुर, सुरेंद्र वर्मा, सरयूपारीण ब्राम्हण सभा के कोषाध्यक्ष राजेंद्र शर्मा, नगर निगम जोन कमिश्नर संतोष पांडे, शैलेंद्र त्रिवेदी, अजय सोनी, राजकुमार पांडे, इंद्रमणि प्रधान, हरगोविंद जोशी, अशोक मिश्रा, सोशल एक्टिविस्ट कुणाल शुक्ला, प्रीति शुक्ला, छत्तीसगढ़ फिल्म के निर्देशक सतीश जैन, अनुमोद राजवैद्य, अनुपम वर्मा, तेजपाल सिंह हंसपाल, मिलिंद खेर सहित सेनानी परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

## जनजातियों का ज्ञान और परंपराएं दूसरे समाज के लिए अनुकरणीय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जनजातियों के गौरवशाली इतिहास, सामाजिक और आध्यात्मिक योगदान को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने और जनजातीय महानायकों के बलिदान को आमजनों को बताने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के सभाग्रह में हुई। कार्यशाला में पूर्व आईएएस अधिकारी और केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने जनजातियों के ज्ञान और परंपराओं को दूसरे समाजों के लिए भी अनुकरणीय बताया।

वीरांगना रानी दुर्गावती की 500वीं जयंती पर उन्होंने कहा, जनजातीय समाज में सहभागिता, प्रकृति प्रेम के साथ आत्म स्वाभिमान से जीने की कला को दूसरे समाज के लोंगो को भी सीखना चाहिए। उन्होंने इस दौरान जनजातीय समाज को भारत के संविधान को मिली सहूलियतों और संरक्षण के साथ विकास के लिए किए गए प्रावधानों को भी लोंगो को बताया। वक्ता वैभव सुरंगे ने भारत में जनजातीय समाज और स्वतंत्रता संग्राम में उनके योगदान पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यशाला में पं रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सच्चिदानंद शुक्ला ने जनजातीय समाज की परंपराओं, उनके रीतिरिवाजों और संस्कृति पर अपने नजरिए से रिसर्च किए जाने पर जोर दिया।

## सरगुजा संभाग में शराब की उपलब्धता बढ़ाने डिपो और गोदाम की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



- ब्रेवरेज कार्पोरेशन के अध्यक्ष स्वास्थ्य मंत्री का है प्रस्ताव
- संचालक मंडल ने प्रस्ताव को दी है मंजूरी

सरगुजा संभाग में वाइन की उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं आसपास के जिलों में स्टाक उपलब्धता के लिए मनेंद्रगढ़ में ब्रेवरेज डिपो या गोदाम के संचालन को सहमति प्रदान दी गई है। इसके साथ ही मनेन्द्रगढ़ में ब्रेवरेज गोदाम खुलने से गौरेला पेंड्रा मरवाही, मनेंद्रगढ़ चिरमिरी भरतपुर, कोरिया और सूरजपुर जिलों की वाइन दुकानों के लिए स्टाक का स्टोरेज किया जाएगा। ब्रेवरेज कार्पोरेशन के संचालक मंडल की सोमवार को हुई बैठक में कार्पोरेशन के अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने सरगुजा संभाग में शराब की उपलब्धता के संबंध में प्रस्ताव रखा था, जिस पर संचालक मंडल ने सहमति दी। छत्तीसगढ़ स्टेट ब्रेवरेजेस कार्पोरेशन के संचालक मंडल की बैठक रायपुर के आबकारी भवन में आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने की। संचालक मंडल की इस बैठक में ब्रेवरेज कारपोरेशन के विभिन्न एजेंडा पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वप्रथम 21 अगस्त को आयोजित बैठक में लिए गए निर्णयों का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2023-24 के वित्तीय विवरणों का अनुमोदन भी किया गया। बैठक में ब्रेवरेज कार्पोरेशन द्वारा दुर्ग एवं बिलासपुर के गोदामों में हाउस कीपिंग कार्य के लिए निविदा जारी करने कार्य का अनुमोदन किया गया, साथ ही अरसनारा-दुर्ग गोदाम के लिए एक जेनरेटर क्रय करने की भी स्वीकृति प्रदान की गयी। बैठक में सचिव वाणिज्य कर (आबकारी) आर शंगीता, श्याम धावड़े, शारदा वर्मा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### ज्यादातर सब्जियां 60 से 80 रुपए किलो, टमाटर 100 पहुंचा

# दीपावली से पहले नई फसलों की कटाई, मंडियों में आवक बढ़ते ही सब्जियों के दाम गिरेंगे औंधे मुंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ में दीपावली से पहले सब्जियों की नई फसलों की कटाई शुरू हो जाएगी। इसके बाद थोक मंडियों में सब्जियों की बंपर आवक शुरू होगी, जिससे इन दिनों आसमान छू रहे सब्जियों के दाम में भी भारी गिरावट आएगी। कुछ किसानों ने हरिभूमि से बातचीत में बताया कि लोकल सब्जियों की फसले तैयार हो रही हैं, जिसकी कटाई दीपावली से पहले शुरू हो जाएगी।

कई सब्जियों की फसले त्योहार के सप्ताहभर पहले तक भी मंडियों में पहुंच सकती है, क्योंकि किसानों को अब सिर्फ फसलों के तैयार होने का इंतजार है। किसानों ने बताया कि अगस्त के दूसरे पखवाड़े में हुई तेज बारिश से पालक सहित कुछ प्रकार की सब्जियों की फसलों को नुकसान जरूर हुआ है, लेकिन इसके बाद भी सब्जियों की फसलें अच्छी हैं। इन फसलों की कटाई होते ही आम लोगों को भी महंगी सब्जियों से बड़ी राहत मिलेगी। इन दिनों ज्यादातर सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं। लौकी, कुंहड़ा, कुंदरू, कच्चा केला, पत्ता गोभी जैसी कुछ सब्जियां ही चिल्हर में 30 से 40 रुपए प्रति किलो हैं, वहीं फूल गोभी, भटा, करेला, बरबट्टी, तोरई, परवल, भिंडी, हरी मिर्च आदि सब्जियों के दाम 60 से 80 रुपए किलो हैं। सबसे महंगी सब्जियों में शिमला मिर्च, मुनगा एवं टमाटर 80 से 100 रुपए किलो है।

### आवक बढ़ते ही तेजी से घटेंगे दाम

थोक मंडियों में इन दिनों सब्जियों की आवक में भारी कमी आई है। लोकल सब्जियों की आवक 10 प्रतिशत से भी कम है, वहीं दूसरे राज्यों से आ रही सब्जियों की आवक भी 30 से 35 प्रतिशत ही हो रही है। इसके कारण लगभग सभी सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। डूमरतराई थोक सब्जी विक्रेता संघ के अध्यक्ष टी. श्रीनिवास रेड्डी ने बताया कि पिछले माह देश के कई राज्यों में भारी बारिश होने के कारण सब्जियों की फसलों को नुकसान पहुंचा है। यही कारण है कि छत्तीसगढ़ से उत्तरप्रदेश, बिहार, गुजरात जैसे राज्यों में सब्जियां भेजी जा रही हैं। इसके कारण सब्जियों के दाम बढ़े हुए हैं।

## लकड़ी तस्करी मामले में कांग्रेस ने डीएफओ को घेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने लकड़ी तस्करी के मामले में डीएफओ कार्यालय का घेराव किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लकड़ी परिवहन में बहुत बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है, जिसमें वन विभाग की मिलीभगत से ओडिशा, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में अवैध लकड़ी का परिवहन किया जा रहा है। जो गोला लट्ठा लकड़ी ओडिशा में बैन है, वह कैसे छत्तीसगढ़ बॉर्डर पर पहुंच रहा है। बैरियर में जांच के बिना परमिट दिए जाने और फर्म पर अब तक कार्रवाई नहीं किए जाने पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा, वन विभाग कार्रवाई के नाम पर सिर्फ लीपापोती कर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रही है। श्री उपाध्याय ने बताया कि छत्तीसगढ़ की कुछ टिम्बर कंपनी, ट्रेडर्स व ठेकेदार ओडिशा से गलत दस्तावेज बनवाकर लकड़ी मंगवा रहे हैं। इसकी जांच छत्तीसगढ़ वन विभाग कर रहा है। ओडिशा वन विभाग के अधिकारी और रायपुर के कुछ लकड़ी ठेकेदारों की मिली भगत कर अवैध तरीके से रायपुर लाया जा रहा है। रायपुर स्थित एक टिम्बर व्यापारी से एक ट्रक साल के लट्ठे जप्त किए गए। मामले में वन विभाग ओडिशा राज्य से संपर्क कर जांच कर रहा है। उन्होंने सवाल उठाए कि ट्रेडर्स में साल गोले का पीओआर बनाने के बाद भी कार्रवाई क्यों नहीं हो रही है? पूर्व में भी एक कंपनी में साल का गोला आया था, जिसका जब्तीनामा क्यों नहीं बनाया गया।



### ये थे मौजूद

घेराव में विकास उपाध्याय के साथ अशोक सिंह ठाकुर, देवकुमार साहू, प्रकाशदास मानिकपुरी, रामदास कुर्रे, सोहन शर्मा, विकास अग्रवाल, पम्मी चोपड़ा, भूपेन्दर गिल, विकास पाठक, योगेश दीक्षित, डेमेन्द्र यद्दु, सोनू ठाकुर, रितेश साहू, अखिलेश जोशी, संदीप सिरमौर, शानू दीवान, राजेश बघेल, अतीत राठौर, श्रीनाथ भोगल, हर्षित जायसवाल, सूरज साहू आदि उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### वायुसेना दिवस पर दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** फारेस्ट ग्राऊड में भारतीय वायुसेना दिवस पर अग्निवीर प्रशिक्षण के बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें शहीद स्मारक खरोरा के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, नेवी सैनिक, प्रदीप चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, आरपी साहू, पूर्व सैनिक केएल सोनी, कनक राम निषाद, प्रदीप चंद्राकर ने कहा कि भारतीय वायुसेना दिवस भारत देश के एक महत्वपूर्ण दिवस है। इस दिन भारतीय वायुसेना पर केवल हमें हवाई हमलों से होने वाले खतरों से बचाने की रक्षा रखते है और समय पर वायुसेना दिवस के जवानों ने लोगों का किसी भी तरह के नुकसान से बचाते में उनकी मदद करते हैं।



### कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के सतबहिनिया माता मंदिर परिसर में 5 लाख रुपए की लागत से निर्मित होने वाले जोत कक्ष निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इस अवसर पर पार्षद धर्मेंद्र यादव, पार्षदगण गजेंद्र साहू, गौतम सिन्हा आदि मौजूद रहे।

### कबड्डी संघ के संगठन सचिव बने जायसवाल



**महासमुंद।** विप्र वाटिका बलौदाबाजार में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ द्वारा संगठन सचिव का चुनाव हुआ। इसमें ओपी जायसवाल व्यायाम शिक्षक ने अपने प्रतिद्वंदी सक्ती ज़िला के हरी राम पटेल को कांटे के मुकाबले में तीन मतों से पराजित किया। ओपी जायसवाल को 36 और हरिराम पटेल को 33 मत मिले। निर्वाचन अधिकारी डीके चौबे राजनांदगांव और सहायक निर्वाचन अधिकारी केपी कश्यप सीपत ने शांतिपूर्वक मतदान कराया। ओपी जायसवाल शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिरकोनी में व्यायाम शिक्षक के पद में कार्यरत हैं।



### मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि मनाई

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा में भारत देश के साहित्य के माध्यम से सामाजिक कुरीतियां पर प्रहार करने वाले आधुनिक और हिंदी के पितामह उपन्यास सम्राट एवं कहानीकार मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित दी गई। जिसमें मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, दामिनी चंद्राकर, भारती चंद्राकर, जया चंद्राकर, विमला चंद्राकर, भूषण चंद्राकर, संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश महान उपन्यास सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि को याद करते हैं।

**कार्यक्रम : शौर्य प्रदर्शनी में भारतीय सेना से रूबरू हुए व अनुभव प्राप्त किया**

# राजधानी में राजिम के 50 छात्रों ने हथियारों को करीब से देखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

सेजेस राजिम के एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा ने बताया कि विद्यालय के 50 छात्र सैनिकों को भारतीय सेना से रूबरू होने एवं सैन्य जीवनशैली तथा उनके द्वारा प्रयोग में लाने वाले तमाम प्रकार के हथियार तकनीक एवं प्रयोग शौर्य प्रदर्शन का अवलोकन कराने ले जाया गया। यह आयोजन साइंस कॉलेज में हुआ। कार्यक्रम में सीएम विष्णुदेव साय मौजूद थे। प्रदर्शनी में सर्जिकल स्ट्राइक कैसे की जाती है? ये बताया गया। विभिन्न शौर्य प्रदर्शन किया गया। सेना के हथियारों की प्रदर्शनी लगाई गई थी यहां टैंक पर चढ़कर बच्चों ने फोटो खिंचवाने के साथ ही सेल्फी भी ली। ग्रामीण क्षेत्र के ये बच्चे अपने जीवन में पहली बार ऐसे हथियारों तथा टैंक को करीब से देखा और अनुभव प्राप्त किया। हथियारो की प्रदर्शनी में 7.62 एमएमएलएमजी, 40एमएम अंडर बैरल, ग्रेनेट लांचर, एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल, 84 एमएमआरएलएमके 111, सर्विलांस कॉप्टर, 51एमएम मोर्टार, मशीन पिस्टल, भीष्म टैंक, लगे हुए थे। यहां डेयर डेविल बाइक स्टंट, खुखरी डांस, सेना बैंड ड्रिल, सर्जिकल स्ट्राइक को देखकर छात्र सैनिक उत्साहित हुए।



### जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक व संवेदनशील बने : डॉ. महलवार

छुरा। आईएसबीएम विश्वविद्यालय, छुरा में विज्ञान संकाय, विज्ञान क्लब और माइक्रोबायोलॉजिस्ट्स सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को विश्व प्राणी दिवस आयोजन किया गया। जो हर साल 4 अक्टूबर को मनाया जाता है। इस कार्यक्रम में विधार्थियों द्वारा भिन्न-भिन्न विषय पर व्याख्यान प्रतियोगिता आयोजित की गई । वाद्यार्थियों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से हुई, जिसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. आनंद महलवार ने बताया कि प्राणी संरक्षण केवल प्रजातियों को बचाने के बारे में नहीं है, बल्कि पूरे पारिस्थितिकी तंत्र और मानव जीवन को संतुलित और समृद्ध बनाए रखने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हमें वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूक और संवेदनशील होना चाहिए, ताकि हम आने वाली पीढ़ियों के



लिए एक समृद्ध और स्थिर पर्यावरण छोड़ सकें। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. बीपी भील ने बताया कि कोई भी जीव बेवजह किसी भी अन्य जीव को नुकसान नहीं पहुंचता है बल्कि वह अपनी सुरक्षा में कमी महसूस करने पर अपनी सुरक्षा के लिए दूसरे जीवो पर हमला करते हैं जैसे कि सांपों के द्वारा किया जाने वाला हमला हो या जंगली जीवों के द्वारा किया जाने वाला हमला सभी प्रकरणों में जीवन के आत्मरक्षा के लिए हमला किया जाता है। अकादमी अधिष्ठाता एवं आईक्यूएसी डायरेक्टर एन. कुमार स्वामी ने बताया की जंगली प्राणी और पालतू प्राणी के संरक्षण और सुरक्षा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जंतुओं के बगैर मनुष्य का जीवन खतरे में पड़ सकता है अतः हमें किस प्रकार से अपने आप को और जीवन को बचाना चाहिए। इस कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा प्रतिभागियों को प्रशस्ती पत्र प्रदान किया गया जिसमें व्याख्यान प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कामिनी साहू, द्वितीय स्थान ज़ाहिर मेमन एवं मोनिका तृतीय स्थान चन्द्रकिरण साहू ने प्राप्त किया। कार्यक्रम का समापन मिस्ट्र लक्ष्मीकांत सिन्हा सहायक प्राध्यापक (जन्तु विज्ञान) द्वारा किया गया। इस अवसर पर विज्ञान संकाय के सभी सहायक प्रध्यापक व प्रयोगशाला तकनीशियन उपस्थित थे।



### भेण्डरी सरपंच सीएम से हुए सम्मानित

**नवापारा-भेण्डरी।** भेण्डरी सरपंच प्रीतराम देवांगन को 10 वर्ष के शानदार सरपंची कार्यकाल में ग्राम पंचायत को आदर्श ग्राम बनाने स्वच्छ भारत मिशन के तहत ओडीएफ व मॉडल बनाने के लिए सीएम विष्णुदेव साय ने प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया है।




### नर्सो को किया गया सम्मानित

**नवापारा-राजिम।** नवापारा के सरकारी अस्पताल में प्रभारी चिकित्सक डॉ. तेजेंद्र साहू की मौजूदगी में एमआईएसओ दमयंती ग्रुप द्वारा सभी नर्सो का सम्मान किया गया। मालूम हो कि बच्चे के जन्म होते ही पहला कपड़ा इन्ही नर्सो द्वारा पहनाया जाता है जिसे बेबी कीट प्रदान किया गया।



### भागवत कथा में भगवान वामन अवतार की सुनी कथा: अंकित

**महासमुंद।** कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा आमंत्रण पर पंचायत घोईनाबाहरा में चल रहे भव्य भागवत कथा को श्रवण करने पहुंचे। अंकित ने बताया कि यह कथा भगवान विष्णु की लीला और राजा बलि की दानवीरता एवं भक्ति को दर्शाती है। इस अवसर पर अंकित के साथ तूफान दीवान, देवा साहू, वाजिद खान, नीलकंठ दीवान, परमानंद साहू, पवन साहू, भूपेंद्र साहू, भुनेश ठाकुर, वाजिद खान समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी महिलाएं मौजूद रहीं।



मैनपुर। नगर सहित पूरे विकासखण्ड क्षेत्र में दुर्गोत्सव का पर्व धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। मैनपुर के सार्वजनिक दुर्गा उत्सव समिति द्वारा मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना साथ ही माता सेवा जसगीत किया जा रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।



### 29 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम मुड़ागांव के बस स्टैंड में युवा नवदुर्गा समिति द्वारा माता दुर्गा की मूर्ति स्थापित कर 29 मनोकामना ज्योति कलश स्थापना किया गया है। यहां माता की सेवा में श्रद्धा भाव के साथ समिति के सदस्य लगे हुए हैं।



### तीनों देवियों की चैतन्य झांकी आकर्षण का केंद्र बनी

**महासमुंद।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बागबाहरा सेवा केंद्र द्वारा इस बार मां दुर्गा, लक्ष्मी, सरस्वती एवं मां काली की चैतन्य झांकी आकर्षण का केंद्र बनी हुई। जिसे देखने और समझने के लिए हजारों की संख्या में भक्तों और श्रद्धालुओं का तांता लग रहा है। चारों ओर देवी शक्तियों कि आव्हान जागरण व्रत पूजा पाठ पवित्र सात्विक भोजन का माहौल है। वहीं ब्रम्हा कुमारी बहने नवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य भक्तों और श्रद्धालुओं को बता रही है कि जिनको हम मां और शक्ति कह कर बुलाते हैं, उन्हें यह शक्ति कहां से प्राप्त हुई उनके हाथों में अस्त्र-शस्त्र दिखाते चरणों में असुर दिखाते हैं। चैतन्य देवियों के माध्यम से बताया जा रहा है कि दिव्यता आत्मा की शक्ति है और काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि विकार आसुरी वृत्ति का प्रतीक है। शस्त्र ज्ञान का प्रतीक है।



### भाजपा के नए सदस्य बनाने निकले बजाज

**नवापारा-राजिम।** ग्रामीण क्षेत्र में भाजपा के सदस्यता अभियान में अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष प्रदेश के वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक बजाज, विधायक इंद्रकुमार साहू, आरंग विधायक गुरू खुशवंत साहेब, जिला भाजपा अध्यक्ष श्याम नारंग, मंडल अध्यक्ष उमेश यादव, युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यकर्ता हाथो में कमल का झंडा लिए नारे बाजी करते गांवों में भ्रमण किए और नए सदस्य बनाने पर जोर दिया।



### महाड़िक परिवार ने पंचमी पर कराया भंडारा

**राजिम।** महाड़िक परिवार द्वारा झरझरा माता विकास समिति मंदिर में पंचमी के अवसर पर विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा उपरांत झरझरा विकास समिति द्वारा फोटो, शाल श्री फल द्वारा राघोबा महाड़िक एवं परिवार का सम्मान किया गया। इस अवसर पर राजिम सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष विकास तिवारी, ललित महाड़िक, जगन्नाथ देवांगन, घनश्याम साहू, इंद्रजीत महाड़िक मौजूद थे।

# किशोर ने जन्मदिन पर 50 लोगों को दिलाई भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने मंगलवार को अपना जन्मदिन अलग ही अंदाज में मनाया। वे सबसे पहले भोलेनाथ श्री कुलेश्वर नाथ महादेव की विशेष पूजा-अर्चना किया। यहां से वे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचे, मरीजों को फलों का वितरण किया। इसके बाद नगर के आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवारों के घर पहुंचे स्कूलों में अध्ययनरत उनके बच्चों को कंपास, कॉपी के साथ मिठाई खिलाया और मां काली मंदिर के सामने भंडारा का आयोजन कर लोगों को भोजन-प्रसादी बांटा। मालूम हो कि सुबह से शाम तक इन आयोजनो के बीच उन्होने पार्टी लाइन में काम करते हुए सदस्यता अभियान भी चलाया। तथा 50 से अधिक लोगों को भाजपा के नए



सदस्य बनाएं। जिसमें नवापारा के 94 वर्षीय प्रतिष्ठित नागरिक हंसराज रांवका और 85 वर्षीय भूरी बाई राठी शामिल हैं। इन दोनो बुजुर्गो ने सदस्यता ग्रहण करने के साथ ही किशोर को जन्मदिन की बधाई के साथ आशीर्वाद दिया। पूरे कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता उनके मित्रमंडली व शुभचिंतक साथ रहे।

जरूरतमंदों की हरसंभव मदद करने में वे आगे रहते है। इसलिए लोगों के बीच काफी लोकप्रिय है। श्री देवांगन को जन्मदिन की बधाई देने वालों में प्रदेश के मंत्री, विधायक, पार्टी कार्यकर्ता तथा मीडिया से जुड़े लोगों के अलावा उनके कई आईएएस, आईपीएस व पुलिस प्रशासन के सहपाठी शामिल थे।

### खैरझिटी के शीतला मंदिर प्रांगण में किया पौधा रोपण



**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम खैरझिटी में शारदीय नवरात्रि के पावन शुभ अवसर में एवं पंचमी के दिन मां शीतला माता मंन्दिर प्रांगण में एक पेड़ मां शीतला के नाम से पौधारोपण किया गया। इस मौके पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष बाबुलाल ध्रुव, रुपनाथ बंजारे, पुनितराम ठाकुर, कृतराम ध्रुव, मनोहर ध्रुव, मूलसिंग ध्रुव, खूब लाल, खेमराज ध्रुव, प्रेमचंद यादव, कमल नारायण ध्रुव, लालाराम ध्रुव, चन्दर ध्रुव, ग्राम के बैगा अलख राम, अभेलाल ध्रुव सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### मिलेट्स के गिनाए फायदे

**बागबाहरा।** सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में आयोजित मिलेट्स गोष्ठी कार्यक्रम में मिलेट आचार्य अशोक शर्मा ने खानपान से संबंधित जानकारी दी गई। स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के बारे में मिलेट्स अन्न, मोटे अनाज के फायदे गिनाए। अपने मोटिवेशनल स्पीच में आचार्य अशोक शर्मा ने आहार द्वारा शरीर को शुद्ध व बीमारी रहित रखने के तरीकों के बारे में बताया।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
/KitchenGalaxyNXModular
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

## पेज 9 के शेष...

### 9 राज्यों को जीतकर...

है और पहाड़ी में देव स्थल तक पहुंचने के लिए बकायदा सैकड़ों सीढ़ियों का निर्माण किया गया है। पहाड़ी के ऊपर कचनाधुर्वा देव स्थल पर प्राचीन जमाने के बड़ी संख्या में छोटे –छोटे मूर्तियां है। यह पहाड़ी घनघोर जंगल के साथ काफी खुबसूरत पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। बारिश के इन दिनों में पहाड़ी क्षेत्र से कलकल करते झरना जगह-जगह गिरते नजर आता है। पहाड़ी के ऊपर कई रहस्यमय स्थल है जहां क्षेत्र के आदिवासी समाज का गहरी आस्था का केन्द्र है पहाड़ी में आज भी राजा रजवाड़े जमाने के खड़क तलवार रखा हुआ है। साथ ही रहस्यमय गुफा है। यह गुफा राजा के किले से निचले हिस्से दूसरे पहाड़ी पर निकलती है लेकिन अब यह किला का मात्र अवशेष ही बाकी है।
बिन्द्रानवागढ़ पहाड़ी के नीचे नेशनल हाईवे के किनारे प्राचीन कालीन समाधी स्थल दिखाई देता है। जहां रानी चंद्रकुमारी का नाम अंकित है। इसके संबंध में ग्रामीणो ने बताया यह रानी महान पराक्रमी वीर कचनाधुर्वा के परिवार के रानी माई चंद्रकुमारी शाह का मठ है और इसका निर्माण 1854 के आसपास किया गया है जिससे यह अनुमान लगाया जाता है कि राजा कचनाधुर्वा की राजधानी बिन्द्रानवागढ़ में 1857 तक रही होगी। ग्रामीणों ने बताया आज भी इनके वंशज छुरा में राज परिवार है और बाद में इसकी राजधानी छुरा में बनाई गई। इस बिन्द्रानवागढ़ को पर्यटन स्थल घोषित कर यहां सभी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराना चाहिए।

### गरीबों के सपनों...

सख्त कार्यवाही की जाएगी।
**विभागों ने लगाए योजनाओं से संबंधित स्टॉल-** कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए थे। जहां प्रभारी मंत्री ने अतिथियों के साथ मिलकर बच्चों को अन्नप्राशन, हितग्राहियों को श्रम कार्ड, आयुष्मान कार्ड, राशन कार्ड, सॉइल हेल्थ कार्ड, उज्जवला गैस कनेक्शन और पोषण किट आदि का वितरण किया। कार्यक्रम में पोंड की निवासी सरस्वती कमार के नवीन घर का मॉडल प्रस्तुत किया गया था, जिसका उद्घाटन अतिथियों ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल, जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन, जनपद पंचायत अध्यक्ष लालिमा ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य फिरतुराम कंवर, नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके, वरिष्ठ नागरिक राजेश साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी और नागरिकगण उपस्थित थे।
**पात्र परिवारों को दिया जा रहा आवास : सांसद-** सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि नई सरकार के गठन के बाद सभी पात्र परिवारों को आवास दिया जा रहा है। अब तक प्रदेश में 8.5 लाख से अधिक आवास प्रदान किए जा चुके हैं। सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लोगों की सुविधा का ख्याल रख रही है। विधायक रोहित साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना साकार हो रहा है, जिन्होंने गरीबों को पक्के आवास देने का संकल्प लिया था। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में इस गारंटी को पूरा किया जा रहा है। प्रतीक्षा सूची में शामिल लोगों को भी जल्द ही पक्के आवास का लाभ मिलेगा।
**20471 आवासों की मिली स्वीकृति-** कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बताया कि जिले में अब तक 42,735 आवास पूर्ण हो चुके हैं और शेष आवासों का कार्य तेजी से जारी है। वर्ष 2023-24 में 2,528 आवास स्वीकृत किए गए हैं, जिनमें से 382 आवास पूर्ण हो चुके हैं और शेष निर्माणाधीन हैं। इसके अलावा, स्थायी प्रतीक्षा सूची में छूटे हुए 24,133 पात्र परिवारों को इस वर्ष शामिल किया गया है, जिनमें से 20,471 आवासों की स्वीकृति दी जा चुकी है। आवास प्लस योजना के तहत 3,019 आवासों का पंजीयन भी किया जा चुका है।

### बेदखल कार्रवाई पर...

नम्बर को हमारा जमीन बता रहा है।
कब्जाधारीयों ने कहा - हम किसी हालत में उक्त जमीन नहीं छोड़ेंगे- सरपंच ओमप्रकाश साहू ने बताया कि ग्राम पचायत चरभट्ठी के आश्रित ग्राम देवगांव में स्थित शासकीय भूमि गौठान एवं चारागाह व मुक्तिधाम के आरक्षित जमीन पर बेजा कब्ज तीनों के द्वारा कास्त कर रहा है। जिसको हटवाने के लिए समस्त ग्रामवासी देवगांव द्वारा ग्रामीण रखकर प्रस्ताव पारित कर ग्राम पंचायत चरभट्ठी को उक्त भूमि को खाली कराने के लिए 26/06/2024 को आवेदन सौपा गया। ग्राम पंचायत द्वारा उक्त व्यक्तियों को 3 बार बेजा कब्जा हटाने के लिए नोटिस दिया गया। डंडाधिकारी तहसीलदार फिगेंश्वर डी. ध्रव ने कहा की यह पंचायत की ओर से बेदखली हो रही है। हम तो सिर्फ लायन आर्ड के लिए मौजूद हैं। आज की घटना एंव पंचनामा प्रतिवेदन शासन को प्रस्तुत होगी।

### कुडेरादादर में 25...

करेंगे, रामलीला का मंचन जिसमें बाली वध से सीता हरण लेकर रावण वध तक किया जाएगा। जिसमें पुराना कलाकार रोल अदा कर रहे हैं श्री राम प्रभु का किरदार निभा रहे हैं। कमलेश साहू, लक्ष्मण का घनश्याम साहू ये दोनों सगे भाई भी है। हनुमान का पात्र ओमप्रकाश नागेश, बाली और अंगद का यानी डबल रोल निभा रहे हैं मनोज नागेश, सुग्रीव वेद कुमार ठाकुर, इस तरह रावण का रोल अदा करेंगे खेमचंद जगत, मेघनाद का झवर अग्रवाल जो भाजपा नेता हैं, कुंभकर्ण का ईश्वरी नायक जो दिखने में दबंग है। अक्षय कुमार का अशोक अग्रवाल, खर-दूषण का रोल निभा रहा है पूर्व सरपंच तुलेश्वर ध्रुव, सूत्रधार ओमप्रकाश दीवान, मंत्री तोरण कोमर्रा और सहयोगी कलाकार जनक नायक रहेंगे। इसी कड़ी में वंद्य यंत्र के कलाकार के रूप में केजू राम ध्रुव पेटी मास्टर, शिवदास मानिकपुर ढोलक, रामरतन दोहा गायक, रोहित, खिलावन सहित पुराना एवं नया कलाकार अपनी अपनी भूमिका निभाएंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए समस्त ग्रामवासी एवं कलाकार जुटे हुए हैं।

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ों में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नसों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पेरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### कसेर समाज ने सौंपा राज्यपाल को ज्ञापन

**नवापारा-राजिम।** कसेर समाज द्वारा अल्प संख्यक पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ में शामिल करने राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन सौंपने नवापारा कसेर समाज के अध्यक्ष सहदेव कंसारी, संरक्षक मुन्ना साव, दशरथ कंसारी, नंदू कंसारी, कलीदान कंसारी, मंदिर कमेटी के संरक्षक राज कुमार, अध्यक्ष राजकुमार कंसारी, बलराम कंसारी, शामिल थे। बताया कि कसेर समाज रायपुर, दुर्ग, सक्ती, चांपा रायगढ़, पुसोर, बिलासपुर, आरंग, नवापारा, राजिम में निवासरत हैं।

### तुषार का एकलव्य विद्यालय में चयन

**रसेला।** गुरु कृपा विधा मंदिर से तुषार ठाकुर पिता प्रताप सिंह ठाकुर



कक्षा छठवीं प्रवेश एकलव्य विद्यालय के लिए चयन हुआ है। इसके लिए शाला विकास समिति के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारियों, शिक्षको ने उज्वल भविष्य की कामना की है।

### बालिकाओं के लिए शिक्षा बहुत अनिवार्यः रेखा

**सरायपाली।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अंतर्गत राष्ट्रीय बालिका दिवस पर 2 से 11 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र ग्राम बनीगिरोला में महिला बाल विकास की सुपरवाइजर रेखा खमारी उपस्थित थी। उन्होंने बालिकाओं को संबोधित करते हुए बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मूल उद्देस लैंगिक भेदभाव महिला सशक्ति करण को बढ़ावा देना बालिकाओं के लिए शिक्षा का महत्व स्त्रियों का परिवार समाज व राष्ट्र निर्माण महत्त्वपूर्ण योगदान है। बाल लिंगानुपात में गिरावट को रोकना क्योंकि बालिकाएं आगे चलकर मां बनती है और मां किसी भी परिवार का केंद्र बिंदु ईकाई होती है। यदि मां को शिक्षा प्राप्त नहीं है तो बचपन से ही कुपोषण है तो वह एक स्वस्थ शिक्षित परिवार व उन्नत समाज को जन्म देने में विफल रहेगी। अतः बालिका के लिए शिक्षा बहुत अनिवार्य है। कार्यक्रम में गांव के सरपंच लक्ष्मीप्रसाद पटेल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुभासिनी पटेल, कोशलिया, शांतिबाई, सावित्री, मांगमोती, सरिता, सुभाषिनी बिसरा, कमलिनी सहित ग्रामीण किशोरी बालिकाएं उपस्थित थी।

### वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में भूगोल परिषद का गठन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय में भूगोल विभाग के बेहतर संचालन, विकास एवं छात्र-छात्राओं में अकादमिक कौशल तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने व विभागीय कार्यक्रमों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित कर जागरूकता लाने के लिए महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई के संरक्षण एवं विभागाध्यक्ष एमएन सिदार सहायक प्राध्यापक भूगोल के निर्देशन में भूगोल परिषद का गठन किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्ज्वलित कर एवं राज्य गीत के साथ कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य पीके भोई ने पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। भूगोल परिषद में अध्यक्ष कल्याणी शर्मा (एम ए तृतीय सेमेस्टर), उपाध्यक्ष मनीषा स्वाई (एम ए प्रथम सेमेस्टर), सचिव गिरिलाल सागर (एम ए तृतीय सेमेस्टर), सह सचिव नेहा भोई (एम ए प्रथम सेमेस्टर) । इस अवसर पर सत्य प्रकाश खड़बंधे परिषद प्रभारी (अतिथि व्याख्याता-भूगोल), देवेश राणा (सहायक प्राध्यापक- भूगोल, जनभागीदारी) एवं महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### मुझे चढ़ गया भगवा रंग में हुआ गरबा

**महासमुंद।** शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा की आराधना के साथ हाउसिंग बोर्ड मचेवा ईडब्लूएस गणेशोत्सव समिति द्वारा पंचमीं के उपलक्ष्य पर तीन दिवसीय गरबा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रंग बिरंगे परिधान में बच्चों से लेकर महिलाएं ओर युवा थिरकते नजर आए। रात्रि साढ़े सात से 10 बजे तक कॉलोनीवासियों द्वारा गरबा किया जा रहा है। जिसमें समस्त कॉलोनिवासियों में गरबा के लिए काफी उत्साह देखा जा रहा है।

---

**सौगात : 26 घरों में बिजली के नए मीटर लगाए गए**

# बीजापदर के ग्रामीणों को मिला लालटेन से छुटकारा, पहुंची बिजली की रोशनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

जिले के जनजाति ग्रामों की तस्वीर और तकदीर आजादी के 76 वर्षों बाद भी बिजली की रौशनी के लिए तरस रहे आधा दर्जन ग्रामों पाराटोला में विष्णुदेव सरकार के 9 माह के भीतर बिजली की रौशनी पहुंचाई गई है। जो एक बहुत बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखने को मिल रहा है। तहसील मुख्यालय मैनपुर लगभग 65 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत कुहीमाल के आश्रित कमारपारा ग्राम बीजापदर में बिजली की रौशनी पहुंचा दी गई है। जिससे यहां निवास करने वाले कमार जनजाति के ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। ग्राम बीजापदर कमार जनजाति बहुल्य ग्राम है और यहां के ग्रामीण वर्षो से बिजली लगाने की मांग कर रहे थे लेकिन अब तक गांव में बिजली नहीं लगी थी। गांव में सौर ऊर्जा प्लेट से रौशनी की व्यवस्था की गई थी लेकिन उसका सही लाभ ग्रामीणों को नही मिल रहा था जिसके कारण रात में ग्रामीण लालटेन के भरोसे जीवन यापन करने मजबूर हो रहे थे। इस गांव में डेढ़ माह पहले बिजली के नये खंम्भे और ट्रांसफार्मर लगा कर 26 घरों में बिजली के नए मिटर लगाए गए है और एक माह पहले गांव में विधिवत बिजली प्रारंभ भी कर दिया गया है। जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है और ग्रामीण फरसुराम कमार, भीखराम, धनीराम कमार, हिरासिंह कमार, कांताराम कमार,मोहन कमार ने इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदव साय के प्रति अभार व्यक्त किया है।



**दशहरा से पूर्व भैसमुड़ा ग्राम भी होगा रोशनी से जगमग**

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 20 किलो मीटर दूर ग्राम भैसामुड़ा में भी बिजली के नये खंभा लगाकर घर–घर बिजली के मिटर लगाकर लाइट लगाई जा चूकी है। दशहरा पर्व से पहले यह गांव भी बिजली की रौशनी से जगमग हो जाएगा ऐसी उम्मीद लगाई जा रही है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से नेशनल हाईवे गरियाबंद मुख्यमार्ग में 18 किलो मीटर दूर आमा नाला से महज दो किलो मीटर जंगल के अन्दर बसे ग्राम भैसामुड़ा में भी बिजली लग जाने से ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। यहां गांव में ग्रामीणों के घरो में बिजली के मीटर लगाए जा चूके है बिजली के कनेक्शन लग चूका है सिर्फ प्रारंभ करने का इंतिजार है। ग्रामों में बिजली की रौशनी पहुंचाने के लिए गरियाबंद जिले के कलेक्टर दीपक अग्रवाल काफी गंभीर नजर आ रहे हैं।

**बिजली पहुंचने से ग्रामीणों में हर्ष**

ग्राम पंचायत कुहीमाल के सरपंच लुदरी बाई नेताम ने बताया कि ग्राम बीजापदर में बिजली की रोशनी पहुंचने से ग्रामीणों में भारी खुशी देखने को मिल रहा है।






**जिले के इन ग्रामों में पहुंची बिजली-** जिले के मैनपुर विकासखण्ड अन्तर्गत छिन्दौला, लुठापारा, खोलापारा, भीरालाट, आमा कछार एवं नयापारा में 09 माह के भीतर पहले ही बिजली की रौशनी लगाई जा चूकी है जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह और खुशी देखने को मिल रहा है।

**बिजली की रौशनी पहुंची**

बिजली विभाग के संजीव बंजारे एवं कनिष्ठ यंत्री केपी वायका ने बताया कि ग्राम बीजापदर में बिजली की रौशनी एक डेढ़ माह पूर्व ही बिजली की रौशनी पहुंचाई जा चूकी है। दशहरा पर्व तक भैसामुड़ा में भी बिजली चालू करने का प्रयास किया जा रहा है। क्षेत्र के और कई गांवों का सर्वे किया जा रहा है जहां जल्द बिजली पहुंचाई जायेगी।

---

## शक्ति की भक्ति में डूबे श्रद्धालु



**छुरा।** देवी मंदिरों में आस्था के दीप प्रज्वलित किए गए हैं। माता के दर्शन करने भक्तों का तांता लगा हुआ है। श्रद्धालू बाजे- गाजे के साथ माता की आराधना में डूबे हुए हैं। जगह-जगह जगज्योति जवारा, माता की प्रतिमा स्थापित कर भजन कीर्तन रहे हैं। देवालयों में भक्तगण ढोल, मांदर, झांझ मजीरा के साथ माता के यश का बखान कर रहे हैं। जय मां महामाया सेवा मंडली छुरा भी शक्ति की भक्ति में तल्लीन है। मंडली के कोषाध्यक्ष राहुल नामदेव बताते हैं कि प्रतिवर्ष की भांति ही हम माता के दुआरी जा-जाकर पारंपरिक और आधुनिक तर्ज पर मांदर धुन के साथ सेवा करते हैं। अंचल के प्रसिद्ध लोकगीत गायक सेवानिवृत्त व्याख्याता केआर सिन्हा को अपना आदर्श एवं मार्गदर्शक मानते हैं। प्रमुख रूप से हिंगलाज भवानी, माता शक्ति अवतरण गीत, सती सुलोचना की कथा, महिषासुर मर्दिनी कथा, श्रृंगार, लड़ाई, श्री गणेश जन्म कथा, श्री कृष्ण बाल लीला, ब्रह्मानंद भजन, हिरण्यकश्यप प्रहलाद भक्ति कथा, शिव शक्ति विवाह प्रसंग, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री रामचंद्र-रावण युद्ध की गाथा, दानवीर हरिश्चंद्र, महादानी मोरजध्वज राजा, द्रोपदी चीरहरण, महाभारत की कथा के माध्यम से माता की स्तुति करते हैं। मंडली के मुख्य गायक अर्जुन धनंजय सिन्हा, नाल वादन लुकेश ध्रुव, मांदर वादन संतराम साहू, प्रवीण सिन्हा, मोहन, सागर, कोरस राहुल नामदेव, जितेन्द्र पाटकर, छन्नू, भेखराज, लूसेन, खुमेश, पार्थ, पुराण, देवेन्द्र ठाकुर, सौरभ, डिगेश्वरी गोस्वामी आदि माता सेवा में लगे हुए हैं। सनातन संस्कृति को सहेजने योगिता सिन्हा, उम्र 5 वर्ष और गुंजन सिन्हा उम्र 9 वर्ष के बाल्यकाल से ही प्रतिदिन देर रात्रि तक माता सेवा में लीन रहते हैं।

---

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने विधायक से अपनी समस्याओं से अवगत कराया



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

राजिम विधायक रोहित साहू से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया। विधायक ने उन्हें आश्वासन दिया कि वे उनकी मांगों को शासन तक पहुंचाकर हल कराने का प्रयास करेंगे। कहा कि प्रदेश में सीएम विष्णुदेव साय के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनी है तब से हर वर्ग का ध्यान रखकर काम कर रही है। मांगों पर सरकार जरूर ध्यान देगी। श्री साहू ने मुलाकात करने आई आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से कहा कि मोदी जी ने गारंटी पत्र में जिन बिंदुओं का उल्लेख किया था उन बिंदुओं का अक्षरशः पालन छत्तीसगढ़ सरकार कर रही है। जल्द ही आप सबकी समस्याओं का समाधान किया जायेगा। मांग पत्र में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका संघ ने अपनी समस्याओं के बारे में बताया कि उनकी ड्यूटी अन्य विभागो के कार्यों में न लगाई जाए, विधानसभा व लोकसभा चुनाव में किए गए चुनाव कार्य का मानदेय भी शीघ्र दिलाई जाए, उनकी ड्यूटी एलडबल्यू ई. सर्वे ,बीएलओ के रूप में न लगाई जाए। विधायक साहू ने सभी समस्याओं का त्वरित निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान संघ की ओर से अध्यक्ष दुलारी साहू, उपाध्यक्ष शीला तारक, सचिव मंजूला तिवारी, कोषाध्यक्ष केसर साहू सहित सभी सेक्टर अध्यक्ष व संघ के पदाधिकारी मौजूद थे।

### समस्याओं के निराकरण के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक, संजय यादव, ऋषभ जैन ने कलेक्टर विनय लंगेह को एक ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया है कि पूरे जिले में चाहे शहर हो या गांव रोड की हालत खराब हो गई है। बरसात में पानी भरा जा रहा है। बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं इन्हें जल्द से जल्द मरम्मत कराया जाए। आम आदमी पार्टी ने एक सोशल मीडिया के माध्यम से लगभग 4000 लोगों को जोड़ा है। अलग-अलग व्हाट्सएप ग्रुप बनाया है और उसमें लोगों की शिकायत मंगाई जा रही है तो सबसे ज्यादा शिकायत अभी रोड की आई है और भी कई तरह की शिकायत आई है, जिसे जल्द ही एक ड्रॉप बनाकर उस विभाग को सौंपा जाएगा। समस्या का निवारण नहीं होने पर आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। आम आदमी पार्टी लोगों तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचकर उनकी शिकायत इस तरह का प्रयोग किया है। इसमें प्रतिदिन लगभग पूरे जिले से सात आठ शिकायत आ रही है। एक सबसे बड़ी और शिकायत है, इसमें पानी टंकी बनकर तैयार हो गया लाखों की लागत से।

---

**छत्तीसगढ़ साहू संघ आईटी प्रकोष्ठ का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न**

## युवा समाज के उत्थान के लिए कार्य करें : टहल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम



छत्तीसगढ़ साहू संघ के आई. टी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त पदाधिकारियो के शपथ ग्रहण समारोह का अयोजन 6 अक्टूबर को रायपुर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव, पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू मौजूद थे। अध्यक्षता छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि विधायक मोतीलाल साहू, साहू समाज युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष व कसडोल विधायक संदीप साहू,राजिम विधायक रोहित साहू बेमेतरा विधायक दीपेश साहू उपस्थित रहे। अरुण साव ने कहा की समाज द्वारा किए गए विभिन्न कार्यों को सोशल मीडिया आईटी प्रकोष्ठ के माध्यम से समाज को और मजबूती प्रदान होगी। पूर्व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि समाज को और आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान देंगे। प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने कहा की युवा प्रदेश के हर कोने-कोने में प्रचार प्रसार कर समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगे। कार्यक्रम को विधायक मोतीलाल साहू एवं राजिम विधायक रोहित साहू ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर युवा प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक पवन साहू, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजीका शीलू साहू, आईटी प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक द्वारिका प्रसाद साहू, प्रदेश प्रचार सचिव राकी साहू, आईटी प्रकोष्ठ के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. लीलाराम साहू, सुखराम साहू, धर्मेन्द्र साहू, शिव साहू, दुर्गेश साहू, दानेश साहू, परमानन्द साहू, ईश्वर साहू, हेमंत साहू, नितिन साहू, नितीश साहू, सचिन साहू सहित समाज के पदाधिकारीगण भारी संख्या में उपस्थित रहें। यह जानकारी आई टी प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी महामंत्री मनीष साहू ने दी।

---

## विकास कार्यों का जनपद सभापति ने किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जनपद पंचायत फिंगेश्वर के ग्राम पंचायत सुरसाबांधा में जनपद पंचायत के 15वें वित्त से कई विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन संपन्न हुआ। इन कार्यों में 1.50 लाख रुपये की लागत से डाक पारा के मुख्य मंच के सामने कंक्रीटकरण का निर्माण, काली मंदिर के सामने पानी टंकी का निर्माण एवं पेयजल व्यवस्था के लिए निर्माण कार्य शामिल हैं।



इसके साथ ही 2 लाख रुपये की लागत से गायत्री मंदिर बाजार चौक पर रंगमंच निर्माण और 2 लाख रुपये से बस स्टैंड सुरसाबांधा में यात्रा प्रतीक्षालय का निर्माण किया गया है। मुरूम तालाब में 1.50 लाख रुपये की लागत से पचरी निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। इसके अलावा, घनश्याम साहू और टीकम बढ़ाई के घर के पास पानी टंकी निर्माण का भी भूमिपूजन किया गया।

इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष पुष्प जगन्नाथ साहू, निर्माण विभाग सभापति संतोष सेन, जनपद सदस्य राधेश्याम साहू, डॉ. भुवनेश्वरी अंतरिक्ष साहू, सरपंच कौशिल्या, उपसरपंच गौतम साहू, पंच तुलसी साहू, सरपंच प्रतिनिधि सूरज साहू सहित कई गणमान्य नागरिक एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## गरबा उत्सव में 111 कलाकारों ने दी प्रस्तुति





**नवापारा-राजिम।** फूलचंद अग्रवाल स्मृति महाविद्यालय में छात्र दृष्टि संघ परिवार के संयुक्त तत्वावधान में नवरात्रि उत्सव के कार्यक्रम में मनमोहन अग्रवाल, भावना अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. शोभा गावरी, उप प्राचार्य डॉ. मनोज मिश्रा ने मातारानी के छायाचित्र में दीप प्रज्ज्वलित आरती कर गरबा उत्सव प्रारंभ किया। इस अवसर पर छात्र दृष्टि संघ परिवार द्वारा नवरात्रि के प्रत्येक दिवस में मां दुर्गा के स्वरूपो में मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कुष्मांडा, मां स्कंदमाता, मां कात्यायनी ,मां कालरात्रि, मां महागौरी, मां सिद्धिदात्री की शक्तियों के बारे में बताया। इस दौरान नितूल देवांगन, अंकुश राजपूत, गौरव दुबे, अतुल साहू, दिपेश सेन, सृष्टि ठाकुर, स्वस्तिका जांगड़े, अमोदमानू राजपूत, खुशाल जैन, आदित्य वैष्णव सहित 111 कलाकारों ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। यह आयोजन कार्यक्रम प्रभारी प्रो. नयना पहाड़िया के मार्गदर्शन में हुआ।

---

**शीतला मंदिर में विधायक ने पूजा कर मांगी क्षेत्र की समृद्धि**

# सरपंच की मांग पर विधायक ने दिए 6.50 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

ग्राम चरौदा में नवरात्र पर्व के उपलक्ष्य में ग्रामवासियों द्वारा शीतला मंदिर पर जोत ज्वारा का आयोजन किया गया है। इस 5वें दिवस श्रृंगार उत्सव के अवसर पर चरौदा शीतल मंदिर दर्शन करनें विधायक राजिम रोहित साहू पहुंचे। उन्होंने वहां मत्था टेक कर क्षेत्र की विकास एंव किसान भाईयों की सुख समृद्धि की कामना की है। उनके साथ मे भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू, भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष राजू साहू थे। विधायक ने कहा की केन्द्र के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गारंटी और प्रदेश की विष्णु देव साय की



सुशासन और विश्वास पर विकास पथ पर सिर्फ राजिम ही नहीं पूरा छत्तीसगढ़ अग्रसर हो रहा है। प्रधानमंत्री ने किसान समृद्धि की 18वीं किस्त दी है। विधायक साहू ने विकास कार्यों के लिए सरपंच की मांग पर 6.50 लाख घोषणा की।

जिला पंचायत सदस्य चन्द्रशेखर साहू ने कहा की हम सब भक्तिपूर्ण से पर्व को मना रहे हैं। वहीं राजिम विधायक प्रतिनिधि एवं पूर्व सरपंच विजय कंडरा सिरीखुर्द ने कहा की ग्रामीण अंचल में सभी धार्मिक त्यौहारों को पूरे श्रद्धाभाव एवं विधि विधान के साथ मनाया जाता है। इस दौरान सरपंच ग्राम पंचायत चरौदा नुतन मनोज पटेल, भाजपा वरिष्ठ भागवत सिन्हा, ईतवारी सिन्हा, ग्राम अध्यक्ष जीवन सेन, खोरबाहरा राम सिन्हा डीएमसी, गिरधर सेन, बुथ भाजपा अध्यक्ष अभय राम सिन्हा, बुथ प्रभारी भाजपा महेश साहू, अमरसिंग, देवना, हेमनरायण गंधर्व, रेवाराम, नरेश, किर्तन पटेल, डेमिनन, चम्पेश्वरी, तपेश्वरी, रेणुका, कुमारी, दुलारी दीवान, हेमिन, मथुरा, सोनू, अध्यक्ष रमायण समिति डंकु सिन्हा, अनुप साहू, सुरेश, श्यामाचरण, पूर्व प्राधिकृत अधिकारी सहकारी समिति हरख निर्मलकर, पूर्व समीति अध्यक्ष खेलावन पटेल, योगेश साहू, हेम नारायण गंधर्व, जोहत ध्रव, सनत गंधर्व स्वागत एवं उपस्थित थे।

